एक नजर में

हॉकी इंडिया का शताब्दी समारोह मनाया गया

सागर. हॉकी इंडिया केशताब्दी समारोह के तहत जिला हॉकी संघ द्वारा खेल परिसर स्थित एस्ट्रो टर्फ मैदान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन और जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी रहे. विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए. समारोह में वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी 70 वर्ष के मुन्ना मास्टर राजीव श्रीवास्तव, अजीम खान, मनीष नेमा, गोपीलाल यादव, उमेशचंद्र मौर्य, नफीस खान, मोहम्मद इरशाद, गोलू भाईजान, मेराज खान, आलोक श्रीवास्तव शामिल रहे. जिला हॉकी संघ के सचिव मकसूद खान ने आभार व्यक्त किया.

वंदे मातरम के 150 वर्ष पर स्कूल में कार्यक्रम

सागर. विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा, अभिनय तोष महिला बाल समिति, नवांकुर संस्था, एफपीएआई और पर्ल पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि एनआर पात्रा, पर्ल पब्लिक स्कूल के संचालक धर्मेंद्र शर्मा, चंद्रप्रकाश शुक्ला, साक्षी पांडेय उपस्थित थे. छात्र-छात्राओं से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से देश भक्ति सहित सामान्य जानकारी के सवाल पूछे गए. इन सवालों का सटीक जवाब देने वाले सम्मानित किया गया.

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित

बंडा. मतदाता सूची एसआईआर के संबंध में मंगल भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ अध्यक्ष बीएलए को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्रदेश कार्य समिति सदस्य जाहर सिंह ने कहा कि कोई भी मतदाता अपने मत अधिकार से वंचित न रहे. संचालन मंडल अध्यक्ष रुपेश रोशन खरे द्वारा किया गया. कार्यक्रम में मंगल सिंह राजपूत ,शैलेंद्र पटौआ, विवेक मिश्रा, भैयाराम, उमेश जैन पठारी, महेंद्र महूना उपस्थित रहे.

सरस्वती शिशु मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

गौरझामर. सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय में वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर विधायक बृजबिहारी पटेरिया ने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जानकारी प्रदान की .इस अवसर पर उमाकृष्ण खटीक, अनीता पटेल, देवेन्द्र सिंह लोधी, राजेश दीक्षित, मनोज घुरा, ऋषभ कुमार साहू, शशिकांत शेंड्ये, प्राचार्य मुन्नालाल होल्कर, प्रधानाचार्या रश्मि अरेले आदि उपस्थित रहीं.

महिला सुरक्षा, साइबर अपराध पर दी जानकारी

सागर. विशेष मुस्कान अभियान के तहत महिला थाना द्वारा हुलासीराम मुखारया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. महिला थाना की टीम ने छात्राओं से संवाद किया और उन्हें जीवन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों से निपटने के तरीके बताए. थाना प्रभारी संतोषी कनासिया ने छात्राओं को बताया कि समाज में बदलते परिवेश के साथ साइबर अपराध और महिला संबंधी अपराधों के स्वरूप में तेजी से परिवर्तन आ रहा है. उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या ऑनलाइन ठगी की जानकारी तुरंत पुलिस को दें. साथ ही छात्राओं को यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन या लालच में न आएं और अपनी निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें.

विवि में सामूहिक गायन का आयोजन हुआ

सागर. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम समन्वयक डॉ पंकज तिवारी, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर, डॉ राकेश सोनी, डॉ रूपेंद्र चौरसिया थे.

स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक बन गया

वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम में खाद्य मंत्री ने कहा

नवभारत न्यूज

सागर 7 नवम्बर. वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई.

कलेक्टर कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम में खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि यह वर्षभर चलने वाला राष्ट्रव्यापी अभियान चार चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक स्थलों पर वंदे मातरम का गायन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1875 में की थी, जो बाद में उनके उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा बना, यह गीत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया और आज भी

राष्ट्रीय एकता और गर्व का भाव जगाता है. कार्यक्रम के अंत में मंत्री श्री राजपूत ने सभी को स्वदेशी का उपयोग करने के लिए शपथ भी दिलाई. इस अवसर पर विधायक प्रदीप लरिया, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, कलेक्टर संदीप जी.आर, पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

इस अवसर पर वीरेंद्र पाठक, रामेश्वर नामदेव, रुपेश यादव, नेवी जैन, पतंजलि योग निकेतन से भगत सिंह, एसएल वर्मा, चंद्रशेखर शुक्ला, के.के मिश्रा, नीलिमा वानखेडे, नरेंद्र अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा आदि मौजूद थे.

जिले भर में कार्यक्रम आयोजित हुए

सागर जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं विद्यालयों कॉलेज में वंदे मातरम की 150 में भाषण पूरे हर्षोल्लाह के साथ बनाई गई और वंदे मातरम गीत का गायन किया गया. जिले की समस्त अनु विभागीय कार्यालय और तहसील कार्यालय समस्त विभागों स्कूल कॉलेज में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ का आयोजन किया गया जहां सभी ने वंदे मातरम गीत का गायन किया एवं स्वदेशी का उपयोग करने का संकल्प भी लिया गया.

एसआईआर सर्वे में रुचि न लेने वाले 17 बीएलओ को नोटिस

नवभारत न्यूज

सागर 7 नवम्बर. निर्वाचक नामावली का गहन पुनरीक्षण, 2003 के डाटा एवं वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं के विवरण की मैपिग बीएलओ के ऐप के माध्यम से की जा रही है.

कलेक्टर संदीप जी.आर के निर्देश के बाबजूद जिले में कुछ बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा एसआईआर सर्वे में रुचि न लेने के कारण एसआईआर सर्वे मे प्रगति कम पाई गई है. एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बंडा रवीश श्रीवास्तव के द्वारा क्षेत्र के ऐसे 17 बूथ लेवल अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है एवं जबाव न देने पर कड़ी कार्यवाही करने के आदेश दिए गए है.

इनको मिला नोटिस

हीरेन्द्र सिंह सचिव 13-पिडरुआ, कमल सिंह गौंड शिक्षक 20-रोडा, रामरक्षपाल यादव रोजगार सहायक 40-बिल्हनी, विनोद अहिरवार शिक्षक 42-राखसी, मदन मोहन पटैल शिक्षक 77-चंदौख, रमाकांत गौतम शिक्षक 88-बेरखेरी, रामकुमार नांगवशी शिक्षक 95-भडराना, हनमत सिंह रोजगार सहायक 98-झागरी, प्रदीप अहिरवार शिक्षक 139-बंडा, अशोक विश्वकर्मा शिक्षक 144-बंडा, बंसत रैकवार 147-बंडा, गोविंद सिंह ठाकुर, महेन्द्र कुमार जाटव, सुनील प्रजापति,नीरज रैकवार, दिनेश रैकवार, श्रीमती किरन जाटव रोजगार सहायक 75-गडर आदि शामिल हैं.

सफाई दरोगा को निलंबित किया

नवभारत न्यूज

सागर 7 नवम्बर. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने निरीक्षण के दौरान राजीव नगर वार्ड में नाली में कचरा फसा देखा और नाली चोक की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले उक्त क्षेत्र के सफाई दरोगा साकिर अली को सस्पेंड करने के निर्देश दिये.

शीतलामाता मंदिर तिराहे के पास नालियों का निरीक्षण करते समय निगमायुक्त श्री खत्री ने नाली में कचरा डला देखा, उन्होंने उक्त कचरे से फेकने वाले की पहचान कराई और कचरा नाले में फेककर शहर की स्वच्छता में बाधक बने बलदाऊ डेयरी के संचालक पर पांच हजार रूपये का जुर्माना करने के निर्देश दिए. निगमायुक्त श्री खत्री ने कहा कि सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नागरिकों और निगमकर्मियों दोनों की है ऐसे में नगर और नागरिक हित में सहयोग न करने वालों, शहर में गंदगी फैलाने वालों, जीवनपयोगी जल की बर्बादी करने वालों, अतिक्रमण कर अव्यवस्था फैलाने वालों के लापरवाही पूर्ण रवैये को बर्दास्त नहीं किया जायेगा.

पार्षद कप का फाइनल मैच प्राइम स्टार ने जीता

नवभारत न्यूज

राहतगढ़ 7 नवम्बर. सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेडियम में पार्षद कप सीजन 3 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ.

क्रिकेट कप का आयोजन वार्ड क्रमांक दो के पार्षद राहुल तिवारी द्वारा 22 वर्ष तक के युवाओं को तीसरी बार आयोजित किया गया. फाइनल मैच प्राइम स्टार ने जीतकर रुद्र 11 को हराया. विजेता टीम को ट्रॉफी एवं इक्कीस हजार व उप विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पंद्रह हजार की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि रुद्राक्ष शुक्ला इंदौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को आगे बढ़ने का मौका

मिलता है, उन्होंने कहा कि युवा नशे से दूर रहकर आगे बढ़ने का रास्ता प्रशस्त करे. अंत्योदय समिति अध्यक्ष रामकुमार पप्पू तिवारी ने कहा कि खेलों से क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ना का मौका मिलता है. भाजपा नेता अरविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रतियोगिता कोई भी हो भाग लेकर तन और मन को स्वस्थ रखे.

कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपनी तरफ से पच्चीस हजार की राशि विजेता उप विजेता टीम को प्रदान की गई. भाजपा नेता पप्पू तिवारी ने टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी 32 टीमों ग्यारह सौ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की. इस दौरान विनोद ओसवाल, हरिनारायण तिवारी, डैनी जैन, प्रियंक तिवारी, जहीर कुरैशी, संजय जैन, मलखान सिंह मीणा, बंटी ठाकुर, मनोज नामदेव, सतीश तिवारी, राहुल तिवारी, विकास ओसवाल, शैतान राजपूत, अनुराग पाठक मौजूद थे.

अवैध हथियार बरामद

सागर. थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा अवैध हथियारों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आरटीओ रोड मोड़ के पास जंगल में कुछ व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं. थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक आनंद सिंह ठाकुर द्वारा पुलिस टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई. देवेन्द्र राय राजीव नगर वार्ड,,अन्नू उर्फ अनुराग पवार लक्ष्मीपुरा वार्ड, नीलेश पटैल धर्माश्री आवासीय कॉलोनी, सूरज अहिरवार निवासी आवासीय कॉलोनी, बाघराज वार्ड से अवैध हथियार बरामद किए गए है.

विधान के समापन पर श्रीजी की शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

रहली 7 नवम्बर. अतिशय क्षेत्र पटनागंज में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान के पश्चात मुनिश्री अभय सागर, प्रभात सागर, चंद्र सागर, निरीह सागर, ऐलक उद्यम सागर के सानिध्य में श्रीजी की शोभा यात्रा निकालकर धर्म प्रभावना की गई.

मुनिश्री का पाद प्रक्षालन किया गया. श्री जी की आरती उतारी गई. नगर पलिका एवं पुलिस प्रसाशन द्वारा सुलभ यातायात व्यवस्था दी गई. शोभायात्रा में ऐरावत्त हाथी पर धर्मध्वजा साथ लेकर नरेंद्र जैन श्रीमति आसमां जो विद्यापथ

स्थली स्कूल रथ पर श्रीजी को लेकर राजेश मलैया सौधर्म इंद्र और इंद्रों के रथ उन पर सवार श्रीजी की प्रतिमा इंद्र परिवार विधान में शामिल शुभ्र वेश में इंद्र इंद्राणीयां, अष्ठकुमारियां चतुर्मास के साथ विधान संपन्न कराने वाले विधानाचार्य रजनीश भैया मुकेश भैया के साथ ब्र. गोलू भैया, अखलेश भैया, विकाश भैया, कपिल भैया, राकेश भैया ने धर्म ध्वजा लेकर प्रभावना करते हुए शोभायात्रा में नगर भ्रमण किया. मुख्य पात्रों नवीन जैन, दिनेश जैन, गोरख जैन, सर्वोदय, सुरेश बारमोरी, संतोष जैन, प्रियांशु डुकरसता सहित बडी संख्या में लोग शामिल रहे.

शिविर को लेकर बैठक

ललितपुर. जिला ऑर्थोपेडिक क्लब ललितपुर की बैठक 8 नवंबर शनिवार को आयोजित होगी. मरीजों की सेवा हेतु एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 9 नवंबर को किया जायेगा जिसमें हडडी के मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया जायेगा. ऐसोसिएशन सचिव डा.आकाश खैरा ने बताया कि इस बैठक में संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर कई निर्णय लिये जायेंगे, वे इस दौरान कैपलान इंजरी के बारे में नयी खोजों और बीमारी ठीक करने के तरीके की जानकारी देंगे. इस बीमारी में हड्डी टूटने के साथ संधि का विस्थापन हो जाता है, जिसके इलाज में हड्डी बैठाने के साथ सही तरीके से जोड़ा जाता है.

एनर्जी ऑडिट करायेगी निगम

नवभारत न्यूज

सागर 7 नवम्बर. महापौर कक्ष में महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी एवं विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग के प्रभारी एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने विद्युत एवं यांत्रिकी विभागों की समीक्षा बैठक की.

बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निगम के बढ़ते विद्युत खर्चो और हो रहे अनावश्यक व्ययों पर नियंत्रण के लिये एजेंसी से एनर्जी आडिट करवायेगा, इस हेतु एजेंसी को प्रारंभिक आंकड़े उपलब्ध करा दिये गये है. बाघराज वार्ड के छत्रसाल कालोनी में ट्रांसफार्मर बदले जाने के लिये भोपाल की इल्कटोक्राफ्ट इंडस्ट्री की देरी को देखते हुये उन्हें अंतिम नोटिस दिये जाने का निर्णय भी समीक्षा बैठक में लिया गया है. इसके अलावा अब पार्षद निधि द्वारा अपने-अपने वार्डो में एलईडी खरीदे जाने की भी सहमति दी गई, इस हेतु निविदा के माध्यम से दरें तय की गई. विद्युत व्यवस्था के जिम्मेदार के रूप में एमपीईबी, स्मार्ट सिटी और ननि के बीच सामंजस्य बनाये रखने के लिये निगम की विद्युत विभाग की इंजी. आशिमा तिर्की को नोडल अधिकारी बनाया गया है. 48 वार्डो में सार्वजनिक स्थानों पर दिन में लाईट जलने की निगरानी के लिये 2 कर्मचारी नियुक्त किये गये है.

बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट स्पर्धा

नवभारत न्यूज

सागर 7 नवम्बर. एडिना में प्रथम वर्ष विभाग द्वारा वेस्ट आउट ऑफ वेस्ट 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हाइड्रॉलिक एनर्जी, ऊर्जा स्थानांतरण, कचरे से विद्युत उत्पादन एवं अन्य वैज्ञानिक गतिविधियों से संबंधित आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए. मुख्य अतिथि चेयरमैन राजेश जैन, डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार जैन, एसोसिएट डायरेक्टर ई.रोहित जैन एवं ई.सुयश जैन, इंजी. प्राचार्य डॉ. अभिषेक जैन, फार्मेसी प्राचार्य डॉ.प्रतीक जैन उपस्थित रहे. संचालन अनुराग सिंह एवं सीमा मालवीय, शैव्या शर्मा, जगदीश शुक्ला, देवेंद्र पटेल, दानिश अनवर, मानसी साहू ने किया. इस दौरान राजकुमार यादव, अनिमेश अवस्थी, रजनीश पचौरी, अनिल सोनी, दीपाली साहू, अनुराग जैन, निखिल विश्वकर्मा, दीपक साहू, सौरभ पटेरिया, रोहित विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.

आरोपी गिरफ्तार

रहली. थाना क्षेत्र में हुई सोने के आभूषण चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आभूषण एवं नगदी बरामद कर सफलता अर्जित की है. फिरियादिया चम्पादेवी पति सोहनलाल गुप्ता निवासी वार्ड नं. 5 रामनगरी, द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई कि उनके घर के अंदर रखी अलमारी के पास स्टील की प्लेट में रखे सोने के दो वाली तथा स्टील के डिब्बे में रखे 2,000/- रुपये अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गए हैं.मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामक्रेश पिता रामजी अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नं. 5 रामनगरी रहली को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपराध कबूल किया. आरोपी से चोरी गये आभूषण बरामद कर अग्रिम कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय ले जाया गया.

जेल में निरुद्ध बंदी से हुआ मोबाइल बरामद

जेल अधीक्षक ने दर्ज कराई एफआईआर, जांच में सामने आयेगा सच

नवभारत न्यूज

ललितपुर 7 नवम्बर. जिला बागपत के भडल स्थित स्कूल के प्रबंधक से जेल में निरूद्ध बंदी द्वारा 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुये जान से मारने की धमकी देने के मामले में नया मोड आ गया है.

फोन कर रंगदारी मांगते हुये धमकाने और जेल में निरूद्ध अन्य बंदी पर चम्मच से हमला करने के बाद हिस्ट्रीशीटर ज्ञानेन्द्र ढाका को तन्हाई बैरिक में शिफ्ट किया गया है. प्रकरण को लेकर जांच करने पहुंचे डीआईजी जेल प्रदीप गुप्ता, डीएम सत्य प्रकाश व एसपी मो.मुश्ताक ने निरूद्ध बंदी के पास से कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया था. इस मामले में जिला कारागार के प्रभारी अधीक्षक जीवन सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है. तहरीर में बताया कि बागपत के थाना चांदीनगर अंतर्गत ग्राम ढिकोली निवासी ज्ञानेन्द्र ढाका को कारागार में निरूद्ध किया गया, इसके बाद 6 नवम्बर को उनके साथ उप कारापाल प्रिंस बाबू, हेल जेल वार्डर रामऔतार वर्मा, हेड जेल वार्डर राजेन्द्र प्रसाद, जेल वार्डर आकाश कुशवाहा द्वारा बंदी की तलाशी ली गयी. तलाशी के दौरान निरूद्ध बंदी के पास से एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया है, फोन में सिम भी बरामद की गयी है. जानकारी के अनुसार निरूद्ध बन्दी के खिलाफ धारा 42 व 43 में गैरजमानती व संज्ञेय अपराध के तहत एफआईआर दर्ज की गयी है.

नदी मोहल्ला भीमनगर निवासी धीरज अहिरवार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि ज्ञानेन्द्र ढाका की उसके द्वारा जेल अधिकारियों द्वारा तलाशी करायी गयी थी, इसके बाद वह बैरिक नम्बर 2 में पहुंचा, जहां ज्ञानेन्द्र ने उस पर चम्मच से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आयी है. कारागार महानिदेशक लखनऊ ने डीआईजी जेल की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही बरतने पर प्रभारी जेल अधीक्षक जीवन सिंह, उप कारापाल प्रिंस बाबू व जेल वार्डर आकाश कुशवाहा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है. अनुशासनिक कार्यवाही भी शुरू कर दी गयी है.

विज्ञप्ति

कार्यालय ग्राम पंचायत सिमरिया (छापरी) जनपद पंचायत बंडा जि. सागर (म.प्र.)
क्र./ग्रा./विज्ञप्ति/2025/35
दिनांक- 07.11.2025

ग्राम पंचायत सिमरिया छापरी में मुक्तिधाम में तार फेसिंग एवं चबूतरा शेड निर्माण हेतु सामग्री तार, जाली, सीमेंट, रेत, ईट, गिट्टी, सरिया, एंगल, चद्दर सामग्री की आवश्यकता है। अत: सामग्री प्रदाय करने हेतु इच्छुक दुकानदार सामग्री की दरें प्रस्तुत करने हेतु अपनी निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय सिमरिया छापरी में दिनांक 08-11-2025 से 22-11-2025 के मध्य कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है।

नोट- निविदा से संबंधित शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

सचिव
ग्राम पंचायत सिमरिया
छापरी जनपद पंचायत बंडा
जिला सागर (म.प्र.)

सिरोंजा शांतिनाथ धाम में पंचकल्याणक महोत्सव

घटयात्रा और ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ होगा महोत्सव का

नवभारत न्यूज

सागर 7 नवम्बर. सिरोंजा स्थित शांतिनाथ धाम में नवनिर्मित शांतिनाथ जिनालय के पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन 16 नवंबर से 21 नवम्बर तक किया जा रहा है.

पट्टाचार्य चर्या शिरोमणि विशुद्ध सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित महोत्सव के प्रतिष्ठा निर्देशक बाल ब्रह्मचारी जय कुमार निशांत टीकमगढ़ और प्रतिष्ठाचार्य पंडित सनत कुमार, विनोद कुमार रजवांस है. महोत्सव के कार्यकारी अध्यक्ष श्रेयांश जैन ने बताया कि महोत्सव के मुख्य जजमान एवं संयोजक सन्तोष कुमार जैन घड़ी, श्रीमती गुणमाला जैन घड़ी परिवार है. महोत्सव में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य डॉ सतेंद्र जैन, श्रीमती रिचा जैन हैं. भगवान के माता पिता का सौभाग्य सुरेंद्र कुमार श्रीमती शीला जैन को प्राप्त हुआ. कार्यक्रम अध्यक्ष मनीष सपना गोधा इंदौर हैं. पंचकल्याण महोत्सव में स्वागत अध्यक्ष विधायक शैलेंद्र जैन और कार्यक्रम संयोजक नरयावली विधायक प्रदीप लारिया है.

महोत्सव को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है. तैयारियां भी अंतिम चरण में है. सिरोंजा स्थित बीटीआईआरटी परिसर के लगभग 12 एकड़ में छह पंडाल लगाए जा रहे हैं, जिसमें से चार पंडाल में भोजन व्यवस्था रहेगी, एक मुख्य पंडाल एल्युमिनियम सेक्सन से तैयार किया जा रहा है. परिसर के ढाई एकड़ में नवनिर्मित जिनालय के समीप संत सदन का निर्माण भी किया गया है. महोत्सव मे लगभग 50 पिच्छी का सानिध्य मिलेगा. वहीं साधु संतों की आहार चर्या भी परिसर में बनाए गए चौके में संपन्न कराई जायेगी. बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और अतिथियों के आवास की व्यवस्था शहर की आधा दर्जन धर्मशालाओं और समीपस्थ होटलों में की जायेगी. महोत्सव मे शामिल होने के ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. महोत्सव समिति के डॉ. सुबोध जैन, डॉ. सत्येंद्र जैन, अजित जैन, सुरेन्द्र खुर्देलीय, डॉ. अशोक जैन ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ घट यात्रा और ध्वजारोहण के साथ 16 नवंबर की सुबह होगा, कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर से घट यात्रा शुरू होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी, जहां पर ध्वजारोहण किया जावेगा. आचार्य श्री के मंगल प्रवचन के बाद दोपहर में याज्ञ मंडल विधान होगा, रात्रि में सौधर्म इन्द्र का दरबार और माता के सोलह स्वपन दिखाए जायेगे, 17 नवंबर को माता की दोपहर में गोद भराई होगी. 18 नवंबर को जन्म कल्याणक पर पाडुंकशिला पर जन्माभिषेक होगा, 19 नवंबर को तप कल्याणक पर राज दरबार, दिग्विजय यात्रा निकलेगी, वैराग्योत्पति के साथ दीक्षा गमन, 20 नवंबर को ज्ञान कल्याणक, 21 नवंबर को मोक्ष कल्याणक मनाया जावेगा. जिनबिंब प्रतिष्ठा और शिखर कलशारोहण होगा. दो मुख्य द्वार तैयार कराए जा रहे है.